प्रेस प्रकाशनी PRESS RELEASE

भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA

वेबसाइट : www.rbi.org.in/hindi
Website : www.rbi.org.in
ई-मेल/email : helpdoc@rbi.org.in

**संचार विभाग,** केंद्रीय कार्यालय, शहीद भगत सिंह मार्ग, फोर्ट, मुंबई - 400 001
**Department of Communication**, Central Office, Shahid Bhagat Singh Marg, Fort, Mumbai - 400 001 फोन/Phone: 022 - 2266 0502

7 मई 2025

**पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं का सर्वेक्षण :**
**वैयक्तिक उत्तरदाता-स्तरीय (अनाम) डेटा और समेकित डेटा की समय शृंखला जारी करना**

भारतीय रिज़र्व बैंक सितंबर 2007 से पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं का सर्वेक्षण (एसपीएफ) आयोजित करता रहा है और समेकित परिणाम नियमित रूप से वेब-आलेखों के रूप में बैंक की वेबसाइट पर जारी किए जाते रहे हैं। पारदर्शिता और शोध पहल को बढ़ावा देने के लिए, भारतीय रिज़र्व बैंक अब पूर्वानुमानकर्ताओं की वैयक्तिक पहचान योग्य जानकारी का प्रकटन न करते हुए एसपीएफ के हाल के दौर (61वें दौर से) से वैयक्तिक उत्तरदाता-स्तरीय पूर्वानुमानों को जारी करना आरंभ करेगा[1]।

सर्वेक्षण के लिए वैयक्तिक उत्तरदाता-स्तरीय डेटा और उसका मेटाडेटा बैंक के 'भारतीय अर्थव्यवस्था पर डेटाबेस (डीबीआईई)' पोर्टल (https://data.rbi.org.in/DBIE/#/dbie/home) पर 'यूनिट-स्तरीय डेटा' टैब में पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं के सर्वेक्षण (एसपीएफ) शीर्षक के अंतर्गत उपलब्ध है।

डेटा की पहुंच में और सुधार करने तथा अनुसंधान को बढ़ावा देने के लिए, वेब-आलेखों में प्रकाशित समेकित/समेकित एसपीएफ डेटा को डीबीआईई के माध्यम से 'पेशेवर पूर्वानुमानकर्ताओं का सर्वेक्षण' शीर्षक के अंतर्गत 'सांख्यिकी' टैब में 'सर्वेक्षण-समेकित डेटा' खंड के अंतर्गत इसके मेटाडेटा के साथ समय शृंखला प्रारूप में भी जारी किया जा रहा है।

**अजीत प्रसाद**
उप महाप्रबंधक (संचार)

**प्रेस प्रकाशनी**: 2025-2026/271

[1] नैतिक प्रसार प्रथाओं को सुनिश्चित करने के लिए, केवल उन पैनलिस्टों के पूर्वानुमानों को आरबीआई के डीबीआईई पोर्टल पर जारी किया गया है, जिन्होंने अपने व्यक्तिगत अनाम डेटा को जारी करने के लिए सहमति प्रदान की थी।